बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11/2022 579 पटना, दिनांक :– 31/01/2024

आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), बेगूसराय के पत्रांक 757 दिनांक 19.04.2023 द्वारा सुश्री पुजा कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04452) के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप के आलोक में इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत निदेशालय आदेश संख्या 5338 दिनांक 30.06.2023 द्वारा इस शर्त्त के साथ स्पष्टीकरण से मुक्त किया गया था कि दिनांक 31.07.2023 तक इनको आवंटित ग्राम का प्रारूप प्रकाशन नहीं होता है, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

उक्त आदेश की अवधि समाप्ति के पश्चात् निदेशालय पत्रांक 8594 दिनांक 18.10.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। सुश्री पुजा द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का द्योतक है। साथ निदेशालय पत्रांक 9143 दिनांक 11.12.2023 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय से इनके कार्यो की समीक्षा कर प्रतिवेदन की मांग की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 2500 दिनांक 14.12.2023 द्वारा यह प्रतिवेदन दिया गया है कि इनके द्वारा मौजा–कल्याणपुर–642 का खानापुरी एवं याद्दाश्त लेखन पूर्ण किया गया है। साथ ही मौजा–श्रीचन्द्रपुर–445 का खेसरा पंजी एवं ऑनलाईन इन्ट्री का कार्य तथा मौजा सादपुर–632 में याद्दाश्त लेखन पूर्ण किया गया है। साथ ही यह भी प्रतिवेदित किया गया है कि इनका कार्य असंतोषप्रद है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा कार्य तो किया जा रहा है, परन्तु इनके द्वारा किए जा रहे कार्यो में विलंब परिलक्षित है। विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण कार्यो के लिए समयावधि निर्धारित की गयी है। निर्धारित समयावधि से अधिक लिए गये समय के लिए मानदेय की कटौती करने का निदेश निदेशालय पत्रांक 5966 दिनांक 25.07.2023 द्वारा सभी बंदोबस्त पदाधिकारी को दिया गया है।

उपरोक्त निर्गत निदेश के आलोक में सुश्री पुजा के मानदेय कटौती करने का निदेश बंदोबस्त पदाधिकारी को दिया जाता है। इस निदेश के साथ चेतावनी देते हुए सुश्री पुजा को स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

31/1/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11/2022 579 पटना, दिनांक 31/01/2024

प्रतिलिपि :– सुश्री पुजा कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04452), बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022.529... पटना, दिनांक :-31/10/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बेगूसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)आरोप(वि0सर्वे0अ0)बेगूसराय–11 / 2022.529... पटना, दिनांक :-31/10/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी निदेशालय अन्तर्गत R2R में संधारित इनकी व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप